# सेवियर सोसायटी – 100 दिनों की प्रगति रिपोर्ट

## SGAOA BOARD 2024-25




**अध्यक्ष:** विशाल सिंह भदौरिया

**उपाध्यक्ष:** अशोक मल्होत्रा

**सचिव:** दीपक चौधरी

**उप-सचिव:** प्रिय रंजन

**कोषाध्यक्ष:** प्रवीन अंतल

**उप-कोषाध्यक्ष:** ममता त्यागी

**कार्यकारी सदस्य :**

- नीरज मिश्रा
- पंकज श्रीवास्तव
- डॉ. एस.के. सिंह
- अरुण सुंद्रीयाल

# निवासियों के लिए संदेश

प्रिय निवासियों,

जैसे ही हम अपने कार्यकाल के पहले 100 दिन पूरे कर रहे हैं, मैं आप सभी का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ कि आपने हम पर जो विश्वास जताया, उसके चलते हमें सोसायटी को बेहतर बनाने का अवसर मिला। हमारा मुख्य उद्देश्य **सेवियर सोसायटी का समग्र विकास** करना है ताकि यह केवल रहने का स्थान न रहे, बल्कि **अन्य सोसायटियों के लिए एक उदाहरण** बने।

हमारा प्रयास है कि यह सोसायटी **सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण** बनी रहे, जहाँ सभी निवासी एक साथ मिलकर इसकी बेहतरी के लिए कार्य करें। पारदर्शिता और आपसी संवाद को बढ़ावा देने के लिए हमने **आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप** की शुरुआत की है, ताकि हर निवासी अपनी बात सीधे साझा कर सके।

हमने बीते 100 दिनों में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, और आगे भी आपके सहयोग से सोसायटी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीचे अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

सादर,

**SGAOA**

# मुख्य उपलब्धियां (100 दिनों में किए गए कार्य)

1. **सामुदायिक और मनोरंजन सुविधाएं**

- **5 साल तक के छोटे बच्चों के लिए खेल क्षेत्र विकसित किया गया** – 5 साल तक के बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सुंदर खेल क्षेत्र क्लबहाउस में बनाया गया जिसमें नई खेल सामग्री लगाई गई और सॉफ्ट फ्लोरिंग बिछाई गई ताकि बच्चों को चोट लगने का खतरा न हो।





- **क्लब हाउस में इनडोर गेम्स को पुनः क्रियाशील बनाया गया** – क्लब हाउस में इंडोर गेम्स जैसे कैरम, चेस और स्नूकर टेबल को फिर से शुरू किया गया ताकि सभी आयु वर्ग के लोग इसका लाभ उठा सकें।
- **क्लब हाउस में समर्पित रिसेप्शन क्षेत्र बनाया गया** – अब क्लब हाउस में आगंतुकों और निवासियों के लिए एक व्यवस्थित स्वागत कक्ष उपलब्ध है।

- **क्लब हाउस की छत पर नई पोल लाइट्स लगाई गईं** – क्लब हाउस की खराब हो चुकी लाइट को बदल कर नई लाइट लगाई गई जिससे बच्चों को शाम के समय खेलने में सुविधा हो और छत का उपयोग सुरक्षित ढंग से किया जा सके।



- **बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं** – जिससे बच्चों के बीच खेलों के प्रति रुचि बढ़ी और उनका मनोरंजन भी हुआ।
- **क्रिसमस, तुलसी पूजन और लोहड़ी का भव्य आयोजन किया गया** – सभी पर्व को भव्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया ।
- **26 जनवरी को समिति के पूर्व सैनिकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया साथ ही बच्चों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां** प्रस्तुत की गई जिससे निवासियों के बीच आपसी मेलजोल और सामुदायिक भावना को बढ़ावा मिला।




## 2. आधारभूत संरचना और रखरखाव सुधार

- **SGAOA टीम के लिए अलग कार्यालय बनाए गए** – SGAOA पदाधिकारियों के लिए अलग कार्यालय बनाया गया जिससे निवासियों की SGAOA के पदाधिकारियों के साथ निवासियों की सुलभ मुलाकात हो सके ।








- **मेंटेनेंस टीम के लिए क्लब हाउस में अलग कार्यालय** बनाकर उनकी कार्य कुशलता एवं निवासियों के लिए सुलभता उपलब्ध कराई गई जिससे अब निवासी अपनी समस्याओं को सीधे मेंटेनेंस टीम तक पहुँचा सकते हैं और शिकायतों का त्वरित समाधान हो रहा है।
- **लिफ्ट में उचित लाइटिंग, इनबिल्ट फैन और प्रमाणपत्र सर्टिफिकेट लगाए गए** – लिफ्ट में उचित लाइटिंग एवं इनबिल्ट फैन लगाए गए जिससे लिफ्ट में घुटन जैसी समस्या गर्मी में न हो ।
- **फ्लोर, बेसमेंट और कॉरिडोर में उचित लाइटिंग लगाई गई** – फ्लोर एवं कॉरिडोर में बंद पड़ी ट्यूबलाइट बदल कर नई लाइट लगाई ताकि अंधेरे में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और बेसमेंट के रास्ते में लाल ट्यूबलाइट लगाई गई ताकि रास्ता पहचानने में किसी को दिक्कत न हो ।

- **फाउंटेन की मरम्मत की गई और इसे पूरी तरह कार्यशील किया गया** – फाउंटेन को रिपेयर करा के चालू किया गया जिससे सोसायटी का सौंदर्य बढ़ा और उस जगह का सही उपयोग सुनिश्चित हुआ।



- **टावरों के बेसमेंट में नए गेट लगाए गए** – जिससे आवारा कुत्तों का प्रवेश टावर के अंदर रोका जा सके और निवासियों की सुरक्षा बनी रहे।
- **सुरक्षा गार्ड रूम और फोल्डेबल सेफ्टी कवरिंग लगाई गई** – A 2 टावर में नया गार्ड रूम और A 1 एवं A 5 टावर में फोल्डेबल कवरिंग बनवाई गई ताकि सुरक्षा कर्मियों को बेहतर सुविधाएँ मिलें और वे अपनी ड्यूटी और प्रभावी रूप से काम कर सकें।




- **प्रेस वाले की व्यवस्था** - सोसायटी के अन्दर बेसमेंट में जनता की मांग पर प्रेस वाले की व्यवस्था की गई।
- **कुर्सियों की व्यवस्था** - हर टावर में निवासियों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई।
- **सोसायटी के बाहर बेंच की व्यवस्था** - निवासियों के लिए सोसायटी गेट के बाहर बेंच की व्यवस्था की गई ताकि महिलाएं एवं बुजुर्ग जब बच्चों को स्कूल से लेने या कैब का इंतजार कर रहे हो तो आराम से बैठ सकें।

- **चूहों की समस्या -** बेसमेंट में रेगुलर दवा डाल कर सालों से चली आ रही बेसमेंट में चूहों की समस्या को कम करने की कोशिश की गई जिसके परिणाम स्वरूप चूहों की संख्या में कमी आई है।
- **कॉमन वॉशरूम एवं मंदिर की पानी सप्लाई को सीधे ऐ9 टावर से जोड़ा गया -** कॉमन वॉशरूम एवं मंदिर की पानी सप्लाई को सीधे ऐ9 टावर से जोड़ा गया ताकि अलग से मोटर न चलानी पड़े और पानी की बर्बादी एवं पानी फैलने से आ रही सीलन को सही किया जा सके ।
- **सीपेज की समस्या -** पानी के पाइप से टावर की छत पर हो रही सालों से चली आ रही सीपेज की समस्या को ठीक कराया गया

## 3. सुरक्षा और यातायात नियंत्रण

4. **पार्कप्लस बूम बैरियर लगाकर एंट्री-एग्जिट सिस्टम सुधारा गया** – जिससे अनाधिकृत गाड़ियों का प्रवेश रोका जा सके और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो।




- **सीसीटीवी कैमरा का टावर हैंडओवर लिया गया और नए कैमरे लगाए गए** – जिससे सोसायटी की सुरक्षा में और अधिक सुधार हुआ।
- **मुख्य सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए** – ताकि वाहनों की गति को नियंत्रित किया जा सके और दुर्घटनाओं से बचाव हो।
- **सोसायटी की बाउंड्री वॉल को मजबूत किया गया** – जहाँ आवश्यकता थी वहाँ टिन और वायरिंग का उपयोग कर इसे अधिक सुरक्षित बनाया गया।

- **अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लागू किया गया** – और इससे प्राप्त राशि का उपयोग सोसायटी सुधार कार्यों में किया जाएगा।

### 4. स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल प्रबंधन



- **कचरा निपटान की व्यवस्था को बेहतर किया गया** – अब प्रतिदिन कचरा साफ किया जाता है जिससे स्वच्छता बनी रहे।
- **स्टील के कूड़ेदान** - सोसाइटी में स्वच्छता बनाए रखने के लिए और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के लिए स्टील के कूड़ेदान लगाए गए
- **मुख्य गेट पर वाटर आरओ सिस्टम स्थानांतरित किया गया** – जिससे निवासियों और आगंतुकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो।
- **कॉमन वॉशरूम में नल एवं सफाई की व्यवस्था** - कॉमन वॉशरूम में नल, फ्लश वाशबेसिन लगा के एवं सुबह शाम रेगुलर सफाई की व्यवस्था की गई ताकि कर्मचारी या निवासियों को स्वच्छ एवं कीटाणु रहित वॉशरूम मिल सके ।



### 5. फिटनेस और स्वास्थ्य सुविधाएं

- **जिम की सभी मशीनों को सुचारू रूप से चलाया गया और जिम की भीड़ को कम करने के लिए नए ओपन जिम की योजना**

**बनाई गई और उसका कार्य प्रारंभ किया गया -** जिससे अधिक से अधिक निवासी स्वास्थ्य लाभ उठा सकें।

- **नए म्यूजिक सिस्टम की व्यवस्था -** जिम में नए म्यूजिक सिस्टम की व्यवस्था की गई ताकि व्यायाम करते हुए निवासी संगीत का आनंद ले सके

## 6. हरियाली और लागत में बचत

- **सोसायटी में नए मौसमी फूल और पौधे लगाए गए** – जिससे पर्यावरण और सौंदर्य दोनों में सुधार हुआ।
- **बागवानी खर्च में ₹15,000 की मासिक बचत की गई** – जिससे सोसायटी का बजट संतुलित हुआ।
- **कर्मचारियों की संख्या को व्यवस्थित कर ₹1,00,000/- की मासिक बचत की गई** – जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हुआ।



## 7. लिफ्ट रखरखाव और सीवर लाइन कनेक्शन



- **लिफ्ट की फ्लोरिंग में पत्थर लगा कर उसका कायाकल्प किया गया** – लिफ्ट की जर्जर फर्श को बदला गया और नई स्टोन फ्लोरिंग लगाई गई जिससे लिफ्ट आकर्षक हो गई।
- **आपातकालीन मरम्मत सेवा में सुधार किया गया** – ताकि लिफ्ट में किसी भी खराबी को तुरंत ठीक किया जा सके।

- **CIPIL के साथ फॉलो-अप के बाद सीवर लाइन कार्य शुरू किया गया** – जिससे सोसायटी को STP से जोड़ा जाएगा और स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी।



## संकल्प पत्र में किए गए वादे जो पूरे किए गए

1) टीम परिवर्तन हैंडओवर के 100 दिन के अंदर सोसाइटी के अंदर सकारात्मक परिवर्तन लाया गया।
2) मासिक आय और व्यय का विवरण सभी निवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
3) समिति के बायोलॉजी के हिसाब से निवासियों के साथ जीबीएम सुनिश्चित की गई जिसमें दिसंबर महीने में प्रथम जीबीएम की गई और अगली जीवीएम मार्च महीने में प्रस्तावित है।
4) जो भी घोटाले हुए उन सब का विवरण सभी निवासियों के सामने लाया जा रहा है, जिसके लिए SGAOA बोर्ड कार्य कर रहा है एवं जो भी नोटिस इशू किए जा रहे हैं वो जनता को भी बताए जा रहे हैं एवं ऑडिट कमेटी का भी गठन किया गया।
5) अगर कोई पदाधिकारी किसी भी वित्तीय अन्मितियाओं में लिप्त होता है तो उसे पर पेनल्टी लगाने का प्रस्ताव पहली ही जीबीएम में पास किया गया।

6) हर निवासी की समस्या का निवारण करने के लिए हेल्प डेस्क नंबर को चालू करना जिससे हर निवासी की समस्या का समय से निवारण हो सके।
7) सोसाइटी में लगे सीसीटीवी को सुचारूप से चालू किया गया।
8) फोर व्हीलर टू व्हीलर पार्किंग का सही तरीके से क्रियानवन्न करने की पूर्ण कोशिश की जा रही है।
9) मेंटेनेंस एजेंसी तथा उसके सभी स्टाफ का नए सिरे से मूल्यांकन किया गया एवं गैर जरूरी स्टाफ को हटाया गया।
10) समिति के सभी एग्रीमेंट का पुनः मूल्यांकन किया गया और नए फाइनेंशियल ईयर में कुछ नए टेंडर निकाले जाएंगे।
11) Cipil से बात करके मूलभूत सुविधा सीवर लाइन का कार्य प्रारंभ कराया गया एवं अन्य कार्यों के लिए बातचीत चालू है।
12) कल्चर कमेटी का गठन किया गया।
13) क्लब हाउस और जिम का नवीनीकरण किया गया।
14) बिल्डर से बातचीत की जा रही है ताकि उसके बच्चे हुए कार्य करवाए जा सके और सोसायटी का IFMS का पैसा वापिस लिया जा सके।
15) गाजियाबाद मेयर, गाजियाबाद प्राधिकरण से 30 मीटर रोड के लिए बातचीत की जा रही है।
16) सोसाइटी के लिफ्ट का एग्रीमेंट पुरानी AOA द्वारा 2025 मार्च तक का पहले से स्वीकृत था, फिर भी एग्रीमेंट की विवेचना की गई एवं जॉनसन के पदाधिकारियों से बात करके लिफ्ट को सही तरीके से चलाने एवं डाउनटाइम घटाने की कोशिश की जा रही है।

## भविष्य की योजनाएं

- सोसायटी की बिल्डिंग्स की मरम्मत और नए रंग-रोगन का कार्य किया जाएगा।
- अतिरिक्त CCTV कैमरे और सुरक्षा अपग्रेड किए जाएंगे।
- अतिथि पार्किंग के लिए अलग पार्किंग क्षेत्र विकसित किया जाएगा।
- मुख्य गेट को नए डिजाइन और हरियाली से खूबसूरत बनाया जाएगा।
- सोसायटी के बाहर की सड़क को cipil से बनवाना और सोसायटी के अन्दर की सड़क की मरम्मत की जाएगी।
- बच्चों के लिए सेंट्रल पार्क में रबर मैटिंग लगा कर वहां पर सारे झूले लगाना।
- क्लब हाउस की टैरेस को डेवलप कर के खेलने के लिए स्थान बनाना।
- मदरडेरी या किसी ब्रांड का बूथ सोसायटी के अन्दर लगवाना ताकि निवासियों को सुलभता से दूध, दही मक्खन आदि मिल सके और चल रही दुकानों की मनमानी बंद हो सके।

## निवासियों के लिए धन्यवाद संदेश

हम प्रतिबद्ध हैं कि सुरक्षा, सुविधाएं और आधारभूत संरचना में सुधार जारी रहेगा। आपके सुझाव और सहयोग से हम सोसायटी को और बेहतर बनाएंगे। आप सभी का हम पर ऐसे ही विश्वास रखने के लिए धन्यवाद और एक ही बात बोलनी है-

**"जो वादा किया वो पूरा किया और आगे भी करेंगे!"**
**प्रगति के प्रति समर्पित, उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध!**